सं. ए-11013/03/2022-स्था.।।
भारत सरकार
विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय
विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग

टेक्नालजी भवन,
नया महरौली मार्ग,
नई दिल्ली-110016
दिनांक: 20.12.2024

परिपत्र

विषय: विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, नई दिल्ली में प्रतिनियुक्ति/आमेलन आधार पर स्टाफ कार ड्राइवर {सामान्य ग्रेड} (स्तर-2 {रु. 19900-63200/-), समूह 'ग', के दो रिक्त पदों को भरे जाने के संबंध में।

अधोहस्ताक्षरी को यह कहने का निदेश हुआ है कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग में स्टाफ कार ड्राइवर {सामान्य ग्रेड} (स्तर-2 {रु. 19900-63200/-), समूह 'ग' के दो रिक्त पदों को प्रतिनियुक्ति/आमेलन आधार पर भरे जाने का प्रस्ताव है। प्रतिनियुक्ति पर चयनित कार्मिक का वेतन समय समय पर यथासंशोधित कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 05.01.1994 के का. ज्ञा. सं. 2/29/91/स्था. (पी. II), के अनुसार विनियमित किया जाएगा।

2. स्टाफ कार ड्राइवर के पद के लिए अपेक्षित पात्रता शर्तें/शैक्षिक योग्यता इत्यादि अनुबंध-I में दी गई है। पद के लिए आवेदन करने के इच्छुक कर्मचारियों को बाद में अपना नाम वापस लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। सतर्कता अनापत्ति, सत्यनिष्ठा प्रमाणपत्र और विगत 5 वर्षों की एसीआर की अनुप्रमाणित प्रतियों सहित अनुबंध- II के अनुसार अपेक्षित वैयक्तिक सूचना के बिना नामांकनों पर विचार नहीं किया जाएगा। दस्तावेजों से विधिवत रूप से समर्थित, आवेदित पद हेतु स्पष्टतया उल्लेख कर रहे जीवनवृत (अनुबंध-।।) पर, प्रतिनियुक्ति/आमेलन आधार पर, पद पर उम्मीदवार का चयन करते समय मूल्यांकन चयन समिति द्वारा विचार किया जाएगा।

3. ऊपर उल्लिखित कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के कार्यालय ज्ञापन के अनुसार उच्च वेतनमान का पद धारक सरकारी कर्मचारी इस पद हेतु आवेदन करने के पात्र नहीं होंगे।

4. अनुरोध है कि रिक्ति की सूचना परिचालित की जाए और जो पात्र कर्मचारी इस पद पर विचार किए जाने की इच्छा रखते हों, और जिनको चयन किए जाने पर सेवा से अविलंब कार्यमुक्त किया जा सकता हो, उनके आवेदन अवर सचिव, स्थापना- II अनुभाग, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, टेक्नालजी भवन, नया महरौली मार्ग, नई दिल्ली-110016 अथवा as.yadav78@gov.in पर भेजे जा सकते हैं ताकि इम्प्लायमेंट न्यूज/ रोजगार समाचार में इस रिक्ति के प्रकाशन की तारीख से 45 दिन के भीतर वे इस विभाग में पहुँच जाएं।

अतिन

(अतिन सिंह यादव)
अवर सचिव, भारत सरकार
दूरभाष: 26590670

सेवा में,

1. भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग (मानक सूची के अनुसार)
2. नोटिस बोर्ड/गार्ड फ़ाइल
3. डॉ. रवीन्द्र कुमार पाणिग्रही, वैज्ञानिक ई, डीएसटी को इस अनुरोध के साथ कि इसे रोजगार समाचार में रिक्ति के प्रकाशन की तारीख से 45 दिन तक डीएसटी की वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जाए।

अनुलग्नक- I

1. पद का नाम : स्टाफ कार ड्राइवर (सामान्य ग्रेड)

2. वर्गीकरण : सामान्य केंद्रीय सेवा, समूह 'ग' (अराजपत्रित, अलिपिकवर्गीय)

3. पदों की संख्या : दो

4. वेतनमान (वेतन बैंड/ ग्रेड वेतन) : स्तर 2 )रु. 19900-63200) (7वां केन्द्रीय वेतन आयोग)

5. नियुक्ति की पद्धति : प्रतिनियुक्ति/आमेलन
(इस स्तर पर यह विभाग केवल प्रतिनियुक्ति/आमेलन के आधार पर आवेदन आमंत्रित कर रहा है।)

(i) विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग और वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान विभाग में वेतन मैट्रिक्स (18000-56900 रुपये) के स्तर-1 में नियमित वर्ग 'ग' कर्मचारियों और डिस्पैच राइडर (वर्ग 'ग') में से, जिनकी मोटर कार चालन क्षमता के आकलन हेतु ड्राइविंग टेस्ट के आधार पर मोटर कार के लिए वैध ड्राइविंग लाइसेंस है, जिसके न होने पर केंद्र सरकार के अन्य मंत्रालयों में वेतन मैट्रिक्स (18000-56900 रुपये) के स्तर-1 में नियमित आधार पर डिस्पैच राइडर पद धारक पदाधिकारियों अथवा नियमित वर्ग 'ग' कर्मचारियों में से, जो अपेक्षित योग्यताएं (जैसा कि कॉलम 6 में बताया गया है) पूरी करते हैं, अथवा

(ii) सशस्त्र बल कार्मिकों की प्रतिनियुक्ति या पुनर्नियुक्ति:

सशस्त्र बल कार्मिक जो एक वर्ष की अवधि के अन्दर सेवानिवृत्त होने वाले हैं अथवा जिन्हें रिजर्व में स्थानांतरित किया जाना है तथा जिनके पास अपेक्षित अनुभव और निर्धारित योग्यताएं हैं, उन पर भी विचार किया जाएगा। ऐसे व्यक्तियों को सशस्त्र बल से मुक्त होने की तिथि तक प्रतिनियुक्ति की शर्तों पर रखा जाएगा; उसके बाद उन्हें पुनः रोजगार आधार पर जारी रखा जा सकता है।

टिप्पणी 1: प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अंतर्गत केन्द्र सरकार के उसी अथवा किसी अन्य संगठन अथवा विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य एक्स-काडर पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि भी है, साधारणतया तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी।

टिप्पणी 2: प्रतिनियुक्ति/आमेलन द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त होने की तारीख को छप्पन वर्ष से अधिक नहीं होगी ।

टिप्पणी 3: प्रतिनियुक्ति की प्रारंभिक अवधि 03 वर्ष होगी जिसे नियमानुसार बढ़ाया जा सकता है।

6. पात्रता शर्तें :
(i) केंद्र सरकार अथवा राज्य सरकार द्वारा मोटर कार चालन हेतु जारी वैध ड्राइविंग लाइसेंस रखना;
(ii) मोटर परिचालन तंत्र की जानकारी (अभ्यार्थी वाहनों में छोटी-मोटी त्रुटियों ः ठीक करने के लिए सक्षम होना चाहिए) और
(iii) मोटर कार चलाने का न्यूनतम तीन वर्षों का अनुभव ।
(iv) मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10वीं कक्षा उत्तीर्ण।

वांछनीय : होम गार्ड अथवा सिविल स्वंयसेवी के रूप में तीन वर्षों की सेवा।

टिप्पणी: यदि चयन प्रक्रिया के किसी चरण में सक्षम प्राधिकारी का यह विचार हो कि अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति की आरक्षित रिक्तियों को भरने के लिए अपेक्षित अनुभव रखने वाले अभ्यर्थी संभवत: पर्याप्त संख्या में उपलब्ध नहीं हैं तो उनके मामले में अनुभव संबंधी अर्हता में सक्षम प्राधिकारी द्वारा कारणों को लिखित में दर्ज करते हुए स्व-विवेक से ढील दी जा सकती है।

अनुलग्नक –II

(विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग में स्टाफ कार ड्राइवर के पद हेतु आवेदन) - उचित माध्यम से प्रस्तुत किया जाए

प्रपत्र (जीवन वृत्त)

(जो लागू न हो, उसे काट दें)

1. नाम एवं कार्यालय का पता (स्पष्ट अक्षरों में) :

2. जन्म तिथि (ईसवी सन् में) :

3. सेवानिवृत्ति की तारीख :

4. शैक्षणिक अर्हताएं :

5. क्या पद के लिए अपेक्षित शैक्षणिक एवं अन्य अर्हताएं पूरी की जा रही हैं। (यदि किसी अर्हता को नियमों में विहित किसी अर्हता के समकक्ष माना गया हो, तो उसके लिए प्रमाण दें) :

| अपेक्षित योग्यता/ अनुभव | कार्मिक की अर्हता/ अनुभव |
|---|---|
| अनिवार्य:<br><br>वांछनीय: | |

6. ऊपर दी गई प्रविष्टियों को देखते हुए कृपया यह स्पष्ट करें कि क्या आप इस पद की अपेक्षाएं पूरी करते हैं :

7. नियोजन का कालक्रमानुसार विवरण। यदि नीचे दिया गया स्थान अपर्याप्त है तो एक अलग शीट संलग्न करें जिसे आपके हस्ताक्षर द्वारा विधिवत अधिप्रमाणित किया गया हो।

| कार्यालय/ विभाग | धारित पद | कब से | कब तक | धारित पद का वेतन स्तर/ वेतनमान मूल वेतन/ ग्रेड वेतन और पद का श्रेणीकरण (समूह) | क्या पद नियमित / तदर्थ आधार पर धारित किया गया | कार्यों की प्रकृति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

8. वर्तमान नियोजन की प्रकृति अर्थात्

(i) तदर्थ (ii) अस्थायी अथवा नियमित :

9. यदि वर्तमान नियोजन प्रतिनियुक्ति/संविदा आधार पर है, तो कृपया बताएं :

(क) आरंभिक नियुक्ति की तारीख :

(ख) प्रतिनियुक्ति/संविदा पर नियुक्ति की अवधि :

(ग) जिस मूल कार्यालय/संगठन से आप संबंधित हैं उसका नाम:

10. वर्तमान विभाग अथवा नियोक्ता संगठन का नाम बताएं :

11. वर्तमान स्तर, मूल वेतन एवं अब प्रतिमाह आहरित कुल परिलब्धियॉं :

12. अतिरिक्त जानकारी, यदि कोई हो, जिसका आवेदक पद के लिए अपनी उपयुक्तता के समर्थन में उल्लेख करना चाहता है (इसमें अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित से संबंधित जानकारी प्रदान की जाए :

(i) अतिरिक्त शैक्षणिक योग्यता

(ii) रिक्ति परिपत्र में विहित योग्यता के अलावा व्यावसायिक प्रशिक्षण और कार्य अनुभव। यदि स्थान अपर्याप्त हो, तो अलग से शीट संलग्न करें :

13. क्या आप अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग के हैं ? :

14. क्या विगत दस वर्ष में कोई शास्ति लगायी गयी है?

15. प्रमाणित किया जाता है कि मैंने रिक्ति परिपत्र को सावधानीपूर्वक पढ़ लिया है तथा मुझे इस बात की पूरी जानकारी है कि मेरे द्वारा प्रस्तुत उचित रूप से समर्थित दस्तावेजों सहित जीवनवृत्त का मूल्यांकन भी चयन समिति द्वारा पद पर चयन के समय किया जाएगा। मैं एततद्वारा प्रमाणित करता हूँ/ करती हूँ कि मेरे द्वारा प्रस्तुत सूचना मेरी सर्वोत्तम जानकारी में सही है।

उम्मीदवार के हस्ताक्षर

दिनांकः
स्थान:

पताः ..............................
..........................................
....................................
टेलीफोन नं. ..........................

## प्रमाण-पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/कुमारी ....................................के आवेदन में उनके द्वारा दी गई जानकारी सही है। यह भी प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/कुमारी ............................................................ के विरुद्ध सतर्कता संबंधी कोई मामला लंबित अथवा अपेक्षित नहीं है तथा इनका सत्यनिष्ठा प्रमाण-पत्र भी संलग्न है। विगत पॉच वर्षों का एसीआर डोसियर (अनुप्रमाणित प्रतियां) और शास्ति विवरण भी संलग्न है।

(मुहर के साथ नियोक्ता के हस्ताक्षर)

दिनांकः

स्थान:

पताः .............................

.........................................

....................................

टेलीफोन नं. ..........................